प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
सांध्यकालीन समाचार
दिनांक : 11.01.2026   समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने आज राजकोट में कहा–भारत में स्थिरता का माहौल, निवेश के लिए आगे आएं उद्योगपति।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज ट्रैक्टर चलाकर शुरू किया किसान कल्याण वर्ष।
- मंत्री विश्वास सारंग ने युवाओं के साथ चलाई साइकिल, फिट रहने और पर्यावरण बचाने का दिया संदेश।
- प्रदेश में कल से शुरू होगा 'संकल्प से समाधान' अभियान, हर पात्र व्यक्ति को मिलेगा योजनाओं का लाभ।

प्रधानमंत्री–गुजरात सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत में अभूतपूर्व स्थिरता का वातावरण है। राजकोट में कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्रों के लिए आयोजित दो दिवसीय वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में श्री मोदी ने कहा कि भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की राह पर अग्रसर है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सुधार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत से कहा कि भारत और सौराष्ट्र–कच्छ क्षेत्र में निवेश का यह सही समय है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के साथ–साथ उद्योग के लिए तैयार कार्यबल आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

'कृषक कल्याण वर्ष–2026'

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में 'कृषक कल्याण वर्ष–2026' के शुभारंभ पर 1100 से अधिक ट्रैक्टरों की भव्य महारैली को हरी झंडी दिखाई । मुख्यमंत्री स्वयं ट्रैक्टर चलाकर किसानों के साथ शामिल हुए।किसानों को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि सरकार किसानों के लिए हर संभव प्रयाश करेगी ..

इस दौरान मुख्यमंत्री ने ई–विकास पोर्टल, एग्री स्टैक वितरण प्रणाली और खाद आपूर्ति पोर्टल का शुभारंभ किया। नई व्यवस्था से किसान मोबाइल ऐप के जरिए खाद की बुकिंग और सीधी डिलीवरी पा सकेंगे, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और खाद की किल्लत खत्म होगी। सरकार ने खेती को लाभकारी, तकनीक आधारित और रोजगारपरक बनाने का संकल्प दोहराया।

"संकल्प से समाधान" अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की है कि कल यानि 12 जनवरी, युवा दिवस से प्रदेश में "संकल्प से समाधान" अभियान शुरू किया जाएगा, जो 31 मार्च 2026 तक चलेगा। यह अभियान चार चरणों में ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय और जिला स्तर पर संचालित होगा। अभियान के तहत शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाएगा। सभी आवेदन और शिकायतों का निपटारा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारी पुरस्कृत भी किए जाएंगे।

'सायकल ऑन संडे'

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की मौजूदगी में आज भोपाल में 'सायकल ऑन संडे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ सैकड़ों युवा, खिलाड़ी और नागरिक साइकिल चलाते नजर आए। इस अवसर पर मंत्री सारंग ने कहा कि साइकिलिंग स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। यह न सिर्फ शरीर और मन को स्वस्थ रखती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नियमित व्यायाम और स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूक करना रहा।

रोज़गार पर्व–सतना

सतना में सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में रोज़गार पर्व– 2026 को लेकर बैठक हुई। इसका उद्देश्य युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोज़गार देना है। इच्छुक युवा 15 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया के तहत 20 और 21 जनवरी को AKS यूनिवर्सिटी, सतना में साक्षात्कार होंगे। सांसद श्री सिंह ने सभी युवाओं से रोजगार पर्व को सफल बनाने कि अपील की ....

प्रगति रिपोर्ट

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समय से कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र– प्रगति ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा और निगरानी के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और जन शिकायतों का समाधान सम्भव हुआ है। इस विशेष श्रृंखला में आज रेल मंत्रालय की जबलपुर–गोंडिया गेज बदलाव परियोजना की जानकारी दी जा रही है।

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे मैच में, आज शाम दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला गुजरात जायंट्स से होगा। यह मैच मुंबई के डॉ. डी. वाई. पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में अब से कुछ ही देर में शुरू होगा।

मौसम

प्रदेश कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। आज सुबह ग्वालियर, दतिया, मुरैना सहित प्रदेश के 11 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान शहडोल के कल्याणपुर में 4.8 डिग्री सेल्सियस, पचमढ़ी में 5.8 और शिवपुरी में 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि अमरकंटक में दिन का

तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कल भोपाल, राजगढ़ सहित 7 जिलो में कोहरा रहने की संभावना जताई है।

समाचार संक्षेप में .....

- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज शिवपुरी में सिटी पोस्ट ऑफिस के आधुनिकीकरण का उद्घाटन किया। श्री सिंधिया ने यहां 111 करोड रुपए की लागत से पोस्टल ट्रेंनिंग सेंटर बनाए जाने की घोषणा की।
- शहडोल जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पाद को चलित दुकानों के माध्यम से बेचा जा रहा है।
- खंडवा ज़िले में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर कल जिले के सभी स्कूलों में "सामूहिक सूर्य नमस्कार" कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- मंत्री निर्मला भूरिया ने आज झाबुआ से कृषक कल्याण वर्ष के शुभारंभ अवसर पर कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- भोपाल स्थित मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि "संभावना" का आयोजन किया जा रहा है।

————————